हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 29 दिसंबर 2023

09 दुर्घटना संभावित क्षेत्र में चार दिन में बनाएं स्पीड...



10 विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव कानीखेड़ी ...



## खबर संक्षेप

### भूना में हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए भूना पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। भूना पुलिस की टीम एएसआई दलबीर सिंह के नेतृत्व में बाबा राणाधीर मंदिर के पास एक युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम भीम सिंह उर्फ भीमड़ा निवासी वार्ड नं. 3 भूना बताया। उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 5.50 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### पार्टस की दुकान से एक लाख का सामान चोरी

**फतेहाबाद।** पुलिस को दी शिकायत में गांव दहमान निवासी राममेहर ने कहा है कि उसकी स्पेयर पार्ट्स की दुकान में गत रात्रि चोर सेंधमारी कर करीब एक लाख रुपये का स्पेयर पार्टस का सामान चोरी कर ले गए। उसे पता चला कि गांव के ही रामदिया व कुलदीप ने अपने अन्य साथी के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

### भजन संध्या के साथ होगा नववर्ष का आगाज

**सिरसा।** श्री खाटू श्याम धाम में श्री श्याम परिवार ट्रस्ट द्वारा नववर्ष की पूर्व संध्या पर 31 दिसंबर की रात को श्री श्याम भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के प्रवक्ता दीपेश गोयल ने बताया कि भजन संध्या कार्यक्रम में कलकत्ता से पधारे शिवम पंसारी अपनी मधुर वाणी से बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे जबकि दीपक शर्मा सिरसा वाले उनका साथ देंगे।

### पोर्टल पर रबी फसल का पंजीकरण जरूरी : डीसी

**सिरसा।** उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने जिला के किसानों से आह्वान किया कि वे अपनी रबी की फसलों का पंजीकरण मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर करवाएं। उन्होंने बताया कि किसान अपना पंजीकरण फसल डॉट हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन पोर्टल पर करवाना सुनिश्चित करें।

### बुढ़ाभाणा के अंकित ने संगीत में की पीएचडी

**सिरसा।** गांव बुढ़ाभाणा निवासी अंतरिक्ष शर्मा ने महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक से संगीत विषय में पी.एच.डी. की उपाधि हासिल की। अंतरिक्ष शर्मा ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने दादा पंडित परमानंद शर्मा, दादी शंकरी देवी, पिता हरपिंद्र शर्मा एवं मां स्नेहलता को दिया है। मदवि में दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एवं राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय ने विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की।

### भाटिया कॉलोनी से हजारों की नकदी चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने शहर की भाटिया कॉलोनी में एक मकान में घुसकर हजारों की नकदी चोरी कर ली। इस बारे शहर फतेहाबाद पुलिस को दी शिकायत में भाटिया कॉलोनी निवासी पवन कुमार ने कहा है कि वह कैटरिंग का काम करता है। गत दिवस वह अपने परिवार के साथ अपनी बहन से मिलने सिरसा गया हुआ था। अगले दिन सुबह जब वह वापस घर आया तो उसने देखा कि घर के बरामदे में लगा कांच का गेट टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जब उसने सामान की जांच की तो पता चला कि चोर उसकी मकान से 20600 रुपये की नकदी चोरी कर ले गए हैं।

### राइस शेलर की लाखों की जीरी चोरी

**फतेहाबाद।** टोहाना में डांगरा रोड स्थित एक शैलर से अज्ञात चोर लाखों की जीरी चोरी कर ले गए। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में फ्रेंडस कालोनी, टोहाना निवासी संजय कुमार ने कहा है कि उसका डांगरा रोड पर मेहता एग्रो इंडस्ट्रीज के नाम से राइस शैलर है। उसने शैलर के साथ लगती जमीन पर जीरी को सुखाने के लिए रखा हुआ है। गत रात्रि अज्ञात चोर वहां से 70 बोरी जीरी चोरी कर ले गए।

## 7 दिन का अल्टीमेटम : बदमाशों को गिरफ्तार नहीं किया तो करेंगे शहर बंद

# बदमाशों ने दुकानदार से 25 हजार रुपये लूटे गुस्साए व्यापारियों ने किया थाने का घेराव



टोहाना। थाने का घेराव करते व्यापारी। फोटो : हरिभूमि



टोहाना। सीसीटीवी कैमरे में कैद लूटपाट की घटना। फोटो : हरिभूमि



टोहाना। घटना की जानकारी देता दुकानदार।



टोहाना। रोष जताते व्यापारी नेता राजेन्द्र ठकराल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना/जाखल

टोहाना में हरियाणा में बढ़ रही अपराधिक घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं हैं। आएं दिन बेखौफ बदमाश आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। यहां बदमाशों के हौंसले इस कदर बुलंद हैं कि पिछले 10 दिनों में बदमाश तीन लूटपाट की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। बुधवार रात रतिया रोड पर स्थित एक सबमर्सिबल पंप की दुकान में कापे लेकर घुसे दो नकाबपोश बदमाश कापे के बल पर दुकान मालिक से हजारों रुपए नकदी लूटकर फरार हो गए हैं। बदमाश दुकानदार की गर्दन पर कापा रखकर उसके पास से करीब 25 हजार की नकदी लूटकर फरार हो गए। पीड़ित दुकानदार ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। घटना की फुटेज वहां लगें सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसमें बदमाश घटना को अंजाम देते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने इस सीसीटीवी फुटेज को अपने कब्जे में लेकर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। शहर में बढ़ती आपराधिक घटनाओं से खफा व्यापारियों ने वीरवार को पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए शहर थाने का घेराव किया। व्यापारियों ने पुलिस को 7 दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि पुलिस ने बदमाशों को गिरफ्तार नहीं किया तो वे टोहाना बंद कर देंगे। थानाध्यक्ष द्वारा इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को भी दी। सूचना पर कुछ ही समय बाद डीएसपी शमसेर सिंह भी पहुंचे। उन्होंने भी घटना का जायजा लेते हुए जानकारी ली।

### दस दिनों में तीन वारदातें

बीती 17 दिसम्बर को रेलवे रोड स्थित इटालियन मास्टर बी 13 रेस्टोरेंट पर फोन कर धमकी देकर पहले 50 लाख रुपए मांगे थे। इसके बाद बदमाशो द्वारा रेस्टोरेंट के बाहर फायरिंग की गई थी। इस मामले में आरोप बॉक्सर गैंग पर लगे थे तो पुलिस ने हाल ही में 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके बाद 24 दिसम्बर को रेलवे रोड पर ही एक किराना की दुकान में घुसे तीन युवकों ने तेजधार हथियार दिखाकर दुकानदार से 30 से 35 हजार रुपए की नकदी लूट ली थी। 10 दिनों में अब रतिया रोड पर ये तीसरी वारदात सामने आई है।

### क्या है मामला

जानकारी मुताबिक बुधवार रात करीब 8 बजे दो नकाबपोश बदमाश रतिया रोड पर स्थित सबमर्सिबल पंप की दुकान पर आएं। आते ही उनमें से एक युवक ने तेजधार हथियार दुकान पर बैठे दुकानदार सुनील कुमार की गर्दन पर रख दिया। इस दौरान बदमाशों ने उन्हें कुछ भी बोलने या शोर मचाने पर गर्दन उतारने की धमकी दी। इस दौरान एक युवक दुकान मालिक की गर्दन पर कापा ताने रखा, वहीं दूसरा युवक भी कापा लेकर गल्ले व इधर उधर छानबीन करता रहा। दोनों बदमाशो ने अपने मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था। सुनील कुमार ने बताया कि वो अपनी दुकान बंद कर घर जाने की तैयारी में था और नकदी संभाल रहा था। उसी वक्त दुकान पर आएं बदमाशों ने पहले सुनील से उसका मोबाइल छीनकर दुकान में ही दूर फेंक दिया। इसके बाद बदमाश दुकान के गल्ले से व दुकानदार के पास से लगभग 25 हजार रुपए नकदी छीनकर चंपत हो गए।

### व्यापारियों ने घेर लिया थाना

टोहाना में पिछले कुछ दिनों से बढ़ रही लूटपाट की घटनाओं को लेकर स्थानीय व्यापारियों में डर का माहौल बना है। इसे लेकर व्यापारियों में पुलिस के प्रति आक्रोश व्याप्त है। इसके विरोध में शहर के व्यापारियों ने गुरुवार को रोष जलूस निकलते हुए पुलिस थाने का घेराव किया। इस संबंध में व्यापारी नेता राजेंद्र ठकराल ने कहा कि बीती 17 दिसंबर से अबतक तीन बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे व्यापारी डरे हुए हैं। 17 दिसम्बर को रेस्टोरेंट पर फायरिंग की घटना पर भी व्यापारी वर्ग द्वारा रोष प्रदर्शन किया गया था तो उस दौरान एसपी ने मौके पर पहुंचकर जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया था। हालांकि उस मामले में 9 लोग पकड़े भी गए हैं ।

# अवैध कॉलोनी पर चला प्रशासन का पीला पंजा



फतेहाबाद। खैरातीखेड़ा रोड पर अवैध कालोनी में चलता पीला पंजा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला नगर योजनकार विभाग द्वारा वीरवार को खैरातीखेड़ा रोड पर पीला पंजा चलाया गया। यहां डीटीपी विभाग की टीम ने करीब अढ़ाई एकड़ में अवैध रूप से काटी गई कालोनी की डीपीसी को जेसीबी की मदद से तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार खैरातीखेड़ा रोड पर मोना देवी पत्नी दिनेश कुमार द्वारा करीब ढ़ाई एकड़ में कालोनी काटी गई है। बकायदा इस अवैध कालोनी में निर्माण को लेकर डीपीसी भी भरी जा चुकी है। जिला नगर योजनाकार विभाग को जब इस बारे सूचना मिली तो उन्होंने इस बारे नोटिस जारी कर कहा कि कालोनी काटने को लेकर विभाग से कोई परमिशन नहीं ली गई है। नोटिस का कोई जवाब न मिलने पर वीरवार को जिला नगर योजनाकार गुंजन वर्मा के नेतृत्व में विभाग की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और कालोनी में खड़ी डीपीसी को गिरा दिया। जेई संदीप कुमार, एफआई पुष्पा, पटवारी रामकिशन, विजीलेंस से महावीर भी मौजूद रहे।

### युवती से गैंग रेप, चार युवकों पर दुष्कर्म का केस दर्ज

**रतिया।** क्षेत्र के एक गांव से 18 वर्षीय युवती से चार युवकों ने गैंग रेप कर उसकी फोटो खींच ली। मामले से पुलिस को अवगत करवाया गया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी लवप्रीत सुखराम,संगीत व जश्न के खिलाफ दुष्कर्म , पोस्कों एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी। उक्त युवती ने बताया कि गांव निवासी लवप्रीत मेरे साथ एक ही कक्षा में पढ़ता रहा है के साथ मेरी कुछ समय पहले दोस्ती हो गई तथा उसने एक दिन मुझे अपने चाचा के घर बुला दुष्कर्म किया। जिसके बाद उसके तीन दोस्तों ने हमारी वीडियो बना ली। कुछ दिन बादल व प्रीत ने फोन करके घर से बाहर बुलाया। लवप्रीत व उसके दोस्त मुझे अपने बाइक पर बिठाकर एक अन्य गांव में लेकर और मेरे साथ दुष्कर्म किया तथा मुझे पंजाब में मेरे एक रिश्तेदार के घर के बाहर छोड़कर चले गए। इसके बाद वह वहां से अपने घर आई तो अपनी मां को सारी बात बताई। सदर थाना प्रभारी सुरेंद्र कंबोज ने बताया कि शिकायत के आधार पर जांच जारी रखते हुए मामले में कार्यवाही की जा रही है।

# नशा देश व समाज के विकास में बड़ी बाधा: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने कहा कि नशा देश तथा समाज के आर्थिक विकास में सबसे बड़ी बाधा है, इसलिए नशा मुक्त समाज बनाने के लिए सभी लोग एकजुट होकर अहम जिम्मेदारी निभाएं। नशा तस्करों का पूरी तरह से सामाजिक बहिष्कार करें तथा अपने गांव गली तथा मोहल्ले की पूरी जिम्मेदारी लें तभी समाज पूरी तरह से नशा व अपराध मुक्त होगा। एसपी विक्रांत भूषण वीरवार को गांव संतनगर के सतगुरु प्रताप सिंह इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसपी ने कहा कि नशे के खिलाफ संदेश को जन-जन तक पहुंचना है और जिला को पूरी तरह से नशा मुक्त बनाना है। जिला के सभी युवाओं को खेलों के माध्यम से चुस्त -दुरुस्त बनाएंगे तथा जिला को पूरी तरह से नशा से मुक्ति दिलाएंगे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नशा के सौदागरों के बारे में बेझिझक होकर पुलिस को सूचना दें, ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि युवा अपनी प्रतिभा को पहचाने तथा शिक्षा तथा खेलकूद में बेहतर प्रदर्शन कर अपने इलाके का नाम रोशन करें।

एसपी ने कहा कि जिला पुलिस अपने स्तर पर नशे के खिलाफ लगातार जोरदार अभियान चला रही है, जिसके तहत नशा तस्करों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नशा तस्करों की धर पकड़ के साथ-साथ नशे की काली कमाई से अर्जित की गई संपत्ति को चिन्हित कर उसे जब्त करने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



सिरसा। गांव संतनगर में युवाओं से मिलते एसपी विक्रांत भूषण। फोटो : हरिभूमि

# जेसीडी बीडीएस के छात्रों ने मारी बाजी

- आरुषि शर्मा ने प्रथम, वंश मेहता ने द्वितीय, निशा ने पाया तृतीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जेसीडी डेंटल कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा बीडीएस तृतीय वर्ष की वार्षिक परीक्षा परिणामों में एक फिर विश्वविद्यालय स्तर पर आरुषि शर्मा ने प्रथम, वंश मेहता ने द्वितीय और निशा कुमारी ने तृतीय स्थान हासिल करके अपना ही नहीं अपितु सम्पूर्ण सिरसा जिला का नाम रोशन करने का काम किया है। वहीं छात्रा शीतल योगी ने विश्वविद्यालय स्तर पर 7वां तथा छात्रा हर्षा ने आठवां स्थान हासिल किया है।

प्राचार्य डॉ. अरिंदम सरकार ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परिणामों में तीसरे वर्ष में 83 विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा दी गई थी, जिसमें सर्वाधिक जेसीडी डेंटल कॉलेज के 78 विद्यार्थियों ने परीक्षा पास की है तथा इसमें छात्रा आरुषि शर्मा ने 458 अंक हासिल करके अपने बेहतर प्रदर्शन के माध्यम से पं. बीडी शर्मा हेल्थ साईंसिज विश्वविद्यालय में प्रथम रैंक हासिल किया है।

वहीं छात्र वंश मेहता ने द्वितीय तथा निशा कुमारी तृतीय स्थान हासिल करने में सफल रहें। उन्होंने सफलता हासिल करने वाले इन सभी विद्यार्थियों को बधाई प्रेषित की। विद्यापीठ के महानिदेशक डॉ. कुलदीप सिंह ढींडसा ने कहा कि विश्वविद्यालय में जेसीडी बीडीएस के तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने पहली तीनों पोजिशन हासिल करके यह साबित कर दिया है कि यहां का स्टाफ समर्पण की भावना से कार्य करता है।

उन्होंने कहा कि हमारा सदैव यही ध्येय रहता है कि प्रत्येक छात्र बेहतर प्रदर्शन करें और इसमें हमारे विद्यार्थी खरे भी उतरते हैं क्योंकि हम अपने संस्थान में गुणवत्तायुक्त एवं बेहतर शिक्षा प्रदान करवाते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

# झुग्गी में रहने वाले बच्चों को बांटे गर्म वस्त्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

एमएसजी आईटी विंग के सदस्यों ने प्रदेश में पड़ रही भयंकर सर्दी को देखते हुए जरुरततमंद परिवारों को गर्म वस्त्र वितरित किए। आईटी विंग सदस्यों द्वारा क्षेत्र में झुग्गी-झपोडियों में रहने वाले बच्चों व उनके माता-पिता को गर्म कपड़े व खाने पीने की सामग्री दी। संस्था के सदस्यों द्वारा शहर में रिक्शा चलाने वाले लोगों की भी आर्थिक सहायता की। एमएसजी आई विंग की सदस्य राधिका ने बताया कि संस्था द्वारा समय-समय पर जरुरतमंद परिवारों की हर प्रकार से संभव सहायता की जाती है। मौके पर रेखा, दीक्षा अरोड़ा, रिंकी, प्रेरणा, प्रियंका, सविता, सांझ, रिया, मनीषा, नेहा मुटरेजा, रूपाली, सुनीता मुटरेजा, मंजू बत्रा, अंशिका, रीमा, प्रीत सहित अनेक सदस्य मौजूद थी। संस्था द्वारा किए जा रहे भलाई कार्यों की प्रशंसा की जा रही है।

### जरूरतमंद को वितरित की बूट व जुराबे

कालांवाली। नववर्ष के आगमन को लेकर शहर की सामाजिक संस्था जय गऊ माता सेवा समिति द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय में जरूरतमंद लड़कियों को बूट व जुराबे वितरित की। संस्था के प्रधान पंकज महेश्वरी ने बताया कि संस्था द्वारा बेसहारा गायों के लिए हरा चारे की व्यवस्था करने, सवामनी लगाने, गर्मी में गायों के लिए पानी की टंकियों की व्यवस्था आदि कार्य किया जाता है। इसके अलावा भी संस्था की ओर से समय-समय पर जरूरतमंद लोगों की सहायता की जाती है। इसी क्रम में आज भी जरूतरमंद लड़कियों को सर्दी से बचाव के लिए बूट व जुराबें वितरित की गई। इस मौके पर संरक्षक नितिन गर्ग,कैशियर नवीन गर्ग, सचिव मोहित गर्ग, कीर्ति बांसल, लवली रोडी, राकेश कुमार मौजूद रहे।

# शहीदों को समर्पित लंगर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

फतेहाबाद रोड पर तहसील के सामने दुकानदारों द्वारा आज माता गुजरी जी, चारो साहिबजादों, बाबा मोती राम मेहरा की शहादत को समर्पित दूध-चाय, बिस्कुट का लंगर लगाया गया, जिसकी शुरुआत अरदास से हुई। चारों साहिबजादों की शहादत व बलिदान को याद करते हुए दुकानदारों ने पूरे सहयोग के साथ लंगर को लगाया गया और साथ चारों साहिबजादों की शहादत और चारों साहिबजादों, गुरु गोविंद सिंह व माता गुजरी के इतिहास को भी परिचित कराया गया। अपने संदेश में बताया कि किस तरह चारों साहिबजादो ने अपने धर्म पर अडिग रहते हुए अपने धर्म की रक्षा की। उन्होंने अपनी मृत्यु को स्वीकार कर लिया परंतु अपने गुरु और धर्म के अलावा किसी के आगे झुकना व अन्य धर्म को अपनाना स्वीकार नहीं किया। लंगर में राजविंदर खोखर, राजू, हरविंदर सिद्धू हसंगा, बलदेव सिंह, गोरा खोखर, रॉबिन, जस्सू, लाडी मान, गोविंद, रविन्द्र मान, दरवेश बिश्नोई आदि मौजूद रहे।



रतिया। लंगर लगाते हुए सेवा समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## सुबह 8 बजे 2 मीटर दूरी तक भी दिखाई नहीं दे रहा था

# कोहरे ने बढ़ाई ठिठुरन, रेंगते नजर आए वाहन

- अधिकतम तापमान 20 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 7 डिग्री दर्ज किया गया
- सुबह दिन का आगाज घने कोहरे के साथ हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला में वीरवार को घना कोहरा छाया रहा। इसका स्पष्ट असर जनजीवन व यातायात पर देखने को मिला। कोहरे में सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए। वहीं, कई जगह लोग अलाव सेंक कर ठंड से बचाव करने का प्रयास करते रहे। आज अधिकतम तापमान 20 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 7 डिग्री दर्ज किया गया। सुबह दिन का आगाज घने कोहरे के साथ हुआ। हवा की गति काफी मंदी रही, लेकिन ठंड से कंपकंपी छुटती रही। हालात यहां तक रहे कि सुबह 8 बजे 2 मीटर दूरी तक भी दिखाई नहीं दे रहा था। वाहन एक दूसरे के पीछे लाइट जलाकर सड़कों पर लाइन में चलते दिखाई दिए। कोहरे के कारण स्कूल जाने वाले बच्चों तथा ऑफिस में जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। स्कूल जाने वाले बच्चों को ठंड में धुंध तथा कोहरे के बीच अपने वाहनों का इंतजार करते देखा गया। कार्यालयों में भी कर्मी कुछ देरी से पहुंचे। धुंध तथा कोहरे से यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हुई। वाहन देरी से रवाना होने के चलते देरी से ही गंतव्य पर पहुंचे। वहीं, फसलों के लिए कोहरा संजीवनी बना हुआ है। सर्द मौसम में फसल बिजाई के बाद से बारिश नहीं हुई है।



टोहाना। थाने का घेराव करते व्यापारी। फोटो : हरिभूमि

### फसलों में अच्छा फुटाव

किसानों का कहना है कि मौसम अनुकूल होने के कारण फसलों को अच्छी ग्रोथ मिल रही है। जिसमें कोहरे से फसलों को अच्छा फायदा मिल रहा है। इससे फसलों में अच्छा फुटाव भी मिल रहा है। किसानों का कहना है कि कोहरा फसलों के लिए फायदेमंद है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि फिलहाल धुंध व कोहरे से राहत के आसार नहीं हैं। आगे ठंड और बढ़ेगी और तापमान में भी गिरावट आएगी।

# डीएफएससी को राइस मिलर ने सौंपा मांगपत्र

**फतेहाबाद।** जिला फतेहाबाद राइस मिलर संगठन का शिष्टमंडल वीरवार को जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक फतेहाबाद विनीत जैन को मिला तथा मांग की हरियाणा सरकार राइस मिलर की मांगों को अति शीघ्र माने ताकि सीएमआर का कार्य शुरू किया जा सके।

यह जानकारी देते हुए जिला मिलिंग कमेटी के सदस्य सुरेश जिंदल रतिया व सुशील अरोड़ा टोहाना ने बताया कि आज जिलेभर से आए हुए राइस मिलर्स ने डीएफएससी विनीत जैन को ज्ञापन देते हुए मांग की है कि राइस मिलर की मांगों को शीघ्र पूरा करवाया जाए। इस अवसर पर रतिया शहर के प्रधान सुखदीप ग्रेवाल, रतिया ग्रामीण के प्रधान जगविंदर सिंह दंदीवाल, कुलां के प्रधान अमन बोला, फतेहाबाद के प्रधान अंकुश गर्ग के साथ-साथ जिलेभर से आए अन्य राइस मिलर भी थे। ज्ञापन में मांग की गई कि सरकार राइस मिलर से फोर्टिफाइड की गुणवत्ता बारे सरकार जो अंडरटेकिंग मांग रही है, उसे समाप्त किया जाए। एफसीआई द्वारा शुरू किया गया विंग एप समाप्त किया जाए।



## खबर संक्षेप

### हत्या प्रयास मामले में एक गिरफ्तार

**हिसार।** मंगाली चौकी पुलिस ने हत्या प्रयास मामले में गांव स्याहड़वा निवासी प्रवीन को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी एएसआई कृष्ण कुमार ने बताया कि प्रवीन का शिकायतकर्ता स्याहड़वा निवासी कुलदीप के साथ पैसे का लेन देन था। इसको लेकर 13 दिसंबर को इनकी कहासुनी हो गई। इस दौरान प्रवीन ने कुलदीप के सिर में जान से मारने की नियत से लोहे के सरिए से वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने प्रवीन से वारदात में प्रयोग लोहे का सरिया बरामद कर लिया है।

### अखिल भारतीय सेवा संघ ने गर्म वस्त्र बांटे

**हिसार।** सामाजिक संस्थाओं अखिल भारतीय सेवा संघ व इनर व्हील ने मिलकर सेंट्रल जेल स्थित प्राइमरी स्कूल में 80 बच्चों को स्वेटर, जुराबें, जूते, स्टेशनरी और खाने-पीने का सामान वितरित किया। दोनों संस्थाओं के अध्यक्ष विनोद गोयल और पूजा मित्तल ने सबका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शशि अहलावत, संजीव राजपाल, सुमित मित्तल, सुशील गोयल, राजेंद्र अग्रवाल, विष्णु गोयल, शशि बुड़ाकिया, वीना, मधु, अनामिका मौजूद रहे।

### स्वतंत्रता सेनानी की जयंती पर पौधे वितरित एक को

**हिसार।** लंबे समय बीड़ हिसार में रहने वाले स्वतंत्रता सेनानी साधुराम की 1 जनवरी को आने वाली जयंती पर सामाजिक संस्था जंभ शक्ति शहर के अलग-अलग स्थानों पर 51 पौधे वितरित करेगी। संस्था के अध्यक्ष विकास गोदारा ने बताया कि इस दौरान आमजन को साधुराम की जीवनी से रूबरू करवाया जाएगा।

### इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट ने किया मार्गदर्शन

**हिसार।** इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट ने युवाओं को रोजगारपरक कोर्स व विभिन्न नौकरी संबंधी जानकारी उपलब्ध करवाई। पुराना राजकीय कॉलेज मैदान में आयोजित रोजगार मेले में इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष रजत गुप्ता ने युवाओं का रोजगार संबंधी मार्गदर्शन किया। उन्होंने युवाओं को विभिन्न कंपनी में नौकरी के लिए बात करवाई और उन्हें आगे बढ़ने की राह दिखाई।

### नेत्र जांच शिविर का 170 लोगों ने उठाया लाभ

**हिसार।** तलवंडी राणा व आसपास के गांवों के लिए तलवंडी राणा रोड बचाओ संघर्ष समिति के धरना स्थल पर निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर आयोजनकर्ता एडवोकेट ओमप्रकाश कोहली ने बताया कि विश्वास मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा तलवंडी राणा बाईपास पर आयोजित किए गए इस निशुल्क शिविर का 170 लोगों ने लाभ उठाया। चिकित्सक ने ग्रामीणों की निशुल्क नेत्र जांच करके उन्हें उचित परामर्श दिया और यथासंभव दवाइयां दी।

### लकड़ी उतारने को लेकर हुए विवाद में मजदूर को पीटा

**हांसी।** हांसी काठ मंडी में बृहस्पतिवार सुबह गाड़ी से लकड़ी उतारने को लेकर हुए विवाद में एक मजदूर पर दूसरे मजदूरों द्वारा हमला कर घायल किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने घायल मजदूर राहुल के बयान पर राहुल नामक युवक सहित 3-4 अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया।

---

**जिला प्रधान बलदेव सिंह ग्रोहा का कार्यकाल पूरा**

# भाजपा के जिलाध्यक्ष पद की ताजपोशी कभी भी, रिंकू मान, गुलशन हंस व राजपाल बैनीवाल दौड़ में, अटकलें लगाने में जुटे कार्यकर्ता

सुरेन्द्र असीजा ▶▶| फतेहाबाद

भारतीय जनता पार्टी के नए जिला प्रधान की कभी भी घोषणा हो सकती है। मौजूदा जिला प्रधान बलदेव सिंह ग्रोहा का कार्यकाल पूरा होने से भी 6 महीने अधिक हो गया है। पहले दिवाली से पहले प्रधान बदलने की चर्चाएं जोरों पर थी, परन्तु पार्टी के बड़े नेताओं के चार राज्यों के विधानसभा चुनावों में बिजी होने के कारण इसमें देरी होती रही। अब लोकसभा चुनाव की आहट के बीच भाजपा चाहती है कि शीघ्र ही नए जिला प्रधान की नियुक्ति कर दी जाए। इस समय भाजपा जिला प्रधान की दौड़ में



फतेहाबाद। रिन्कू मान, गुलशन हंस व राजपाल बैनीवाल।

प्रमुख रूप से तीन नेता शामिल माने जा रहे हैं। माना जा रहा है कि इस चुनाव में भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुभाष बराला के पसंदीदा व्यक्ति का ही जिला प्रधान के तौर पर चयन हो सकता है वहीं सीएम के खासमखास राजपाल बैनीवाल भी रेस में सबसे ऊपर है।

भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं वर्तमान में सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन सुभाष बराला जिले की टोहाना विधानसभा सीट से विधायक भी रह चुके हैं। उनके खासमखास मार्किट कमेटी टोहाना के चेयरमैन रिन्कू मान व भूना से भाजपा के नेता गुलशन हंस की दावेदारी मजबूत मानी गई है। इसके अलावा संगठन के पुराने व वरिष्ठ नेता राजपाल बैनीवाल जिलाध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार है। राजपाल बैनीवाल मुख्यमंत्री के भी खास माने जाते हैं। बीते विधानसभा चुनावों में वह टिकट के प्रबल दावेदार थे और चुनावों में सीएम के कार्यक्रम के दौरान भी राजपाल बैनीवाल भारी भीड़ जुटाने में कामयाब रहे थे। बराला समर्थन रिंकू मान हल्का टोहाना से है तो बाकी दोनों फतेहाबाद हल्के के है। मौजूदा प्रधान बलदेव ग्रोहा रतिया हल्के से है तो उससे पहले प्रधान रहे वेद फुलां भी रतिया हल्के से ही थे। वर्तमान जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा से करीब-करीब सभी कार्यकर्ताओं की शिकायत है। वर्करों का मानना है कि वर्तमान अध्यक्ष अपनी छवि बनाने में नाकामयाब रहे हैं। उनकी न प्रशासन पर पकड़ है और न ही विधायक मानते हैं। वह एक विधायक के कठपुतली बनकर ही रह गए हैं। जिस कारण कार्यकर्ताओं की सुनवाई नहीं हो पाती। दरअसल भाजपा का आम वर्कर पूर्व जिलाध्यक्ष एवं सुभाष बराला के खासमखास वेद फुलां के कार्यकाल को याद करते हैं। उनका जिला प्रशासन में दबदबा विधायकों से भी ज्यादा था। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष का पद संभालते ही नवम्बर में फतेहाबाद आए नायब सिंह सैनी के सामने भी बलदेव ग्रोहा वर्करों को एकत्रित करने में सफल नहीं हो पाए थे। इन सबका सबसे बड़ा कारण यह भी है कि 2019 के चुनाव से कुछ समय पहले ही भाजपा में शामिल होकर विधायक बने दुड़ाराम के साथ आज भी भाजपा के पुराने कार्यकर्ता सहज नहीं है। विधायक भी चार साल से ज्यादा समय बीत जाने के बावजूद भी भाजपा के स्थानीय नेताओं के साथ घुल मिल नहीं पाए।

**विधायकों व सांसदों की ली जा सकती है सहमति**

प्रधान पद की दौड़ में शामिल जहा रिंकू मान जट्ट सिख बिरादरी से है तो राजपाल बेनीवाल जाट समाज से है। गुलशन हंस पंजाबी है। हालांकि इसके अलावा बैकवार्ड सैल के प्रधान प्रवीन जोड़ा भी अपने आप को जिलाध्यक्ष पद का दावेदार बता रहे हैं। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद केन्द्र हरियाणा में विस चुनाव करवा सकता है। ऐसे में दोनों चुनाव ही नवचयनित प्रधान के कार्यकाल में होने है तो विधायकों व सांसद सुनीता दुग्गल की सहमति भी ली जा सकती है। जहा तक समर्थन की बात है तो रिंकू मान व गुलशन हंस को सुभाष बराला का समर्थक माना जाता है तो राजपाल बेनीवाल को रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा व फतेहाबाद के विधायक दुड़ाराम का। लब्बोलुआब यह है कि

---

## एडीसी ने अधिकारियों के साथ की बैठक

# दुर्घटना संभावित क्षेत्र में चार दिन में बनाएं स्पीड ब्रेकर

**स्पीड ब्रेकर नगर परिषद टोहाना व लोक निर्माण विभाग घनिष्ट तालमेल के साथ बनवाना सुनिश्चित करें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ब्रह्मजीत सिंह रांगी ने टोहाना से चंडीगढ़ रोड पर जहां दुर्घटना संभावित क्षेत्र है, वहां पर आगामी चार दिनों में स्पीड ब्रेकर नगर परिषद टोहाना व लोक निर्माण विभाग घनिष्ट तालमेल के साथ बनवाना सुनिश्चित करें और इसकी रिपोर्ट एडीसी कार्यालय को भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सड़क निर्माण से जुड़ी हुई सभी एजेंसियों को निर्देश दिए है कि वे अपनी-अपनी सड़कों से ब्लैक स्पॉट को हटाने के लिए काम करें ताकि यातायात सुगम रहे और कोई दुर्घटना ना घटे। उन्होंने लोक निर्माण विभाग सहित संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि जहां पर भी सड़कों पर गड्ढा हैं, उसे तुरंत भरा जाए और रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करें। एडीसी डॉ. रांगी वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में सड़क सुरक्षा समिति एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की बैठक ले रहे थे।



फतेहाबाद। सड़क सुरक्षा समिति एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी बैठक की अध्यक्षता करते एडीसी डॉ. ब्रह्मजीत सिंह रांगी।

एडीसी डॉ. रांगी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि दोपहिया वाहन चलाने वाले नागरिक हेलमेट अवश्य लगाएं, यह सुनिश्चित किया जाए। इस बारे में समय-समय पर चेकिंग अभियान भी चलाएं। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए नागरिकों को यातायात संबंधी जागरूकता लाने के लिए अभियान भी चलाए जाए। खासकर ठंड व कोहरे के समय सचेत होकर वाहन चलाने के बारे में जागरूक करें। उन्होंने कहा कि दुर्घटना संभावित क्षेत्रों पर चेतावनी बोर्ड लगाए जाए। शहर में सीवरेज का ढक्कन खुला न रह जाए, यह भी जन स्वास्थ्य और नगर निकाय विभाग सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि हाइवे पर अवैध कट नहीं होने चाहिए।

**अवैध कट को जल्द से जल्द बंद कराने का निर्देश**

अगर ये अवैध कट बने हुए है तो इनको जल्द से जल्द बंद करवाया जाए। उन्होंने लोक निर्माण और मार्किटिंग बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुरानी अनाज मंडी से खैराती खेड़ा रोड किस विभाग के अधीन आता है इस बारे एडीसी कार्यालय में रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करें। बैठक में आरटीए सचिव संजय बिश्नोई, एसडीएम राजेश कुमार, प्रतीक हुड्डा, जगदीश चंद्र, सीटीएम सुरेश कुमार, जीएम रोडवेज शेर सिंह, सीएमजीजीए सुरभि साहू सहित सड़क सुरक्षा समिति एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

---

## थाना व चौकी प्रभारी के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने जिला के सभी थाना तथा चौकी प्रभारी, लाइन प्रबंधक तथा पुलिस लाइन के विभिन्न स्टोर इंचाजार्ज की बैठक के दौरान कहा कि पुलिसकर्मियों को बेहतर आधारभूत सुविधआएं उपलब्ध करवाना उनकी पहली प्राथमिकता है ताकि कर्मियों को ड्यूटी के दौरान तथा ड्यूटी के बाद किसी तरह की असुविधा न हो। विक्रांत भूषण ने कहा कि पुलिस जवानों को पूरी तरह चुस्त दुरुस्त तथा तनावमुक्त रखने के लिए सभी थानों में खेलों की भी उच्च कोटि की सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस लाइन में स्थापित जिम



सिरसा। थाना व चौकी प्रभारियों की बैठक लेते हुए एसपी।

व्यवस्था को और अत्याधुनिक बनाया जाएगा। इसके इलावा पुलिस लाइन में वालीबॉल, कबड्डी तथा फुटबॉल जैसे खेलों की भी व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिम व खेल की सुविधाएं उपलब्ध होने से पुलिस कर्मी पूरी तरह फिट होंगे। पुलिस अधीक्षक ने लाइन प्रबंधक तथा सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए की पुलिस लाइन तथा थानों में में स्थित भोजनालय में पुलिस जवानों के लिए उच्च क्वालिटि का खाना तैयार किया जाए। स अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक दीप्ति गर्ग, डीएसपी जगत सिंह, डीएसपी अजायब सिंह आदि मौजूद रहे।



रतिया। वाहनों की जांच करते हुए पुलिस कर्मचारी।

### सीलिंग अभियान के तहत पुलिस कर्मचारियों ने चलाया जांच अभियान, वाहनों के चालान काटे

**रतिया।** पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी के निर्देश पर आज रतिया शहर में पुलिस कर्मचारियों ने सीलिंग प्लान अभियान के तहत वाहनों की जांच की इस दौरान दर्जनों वाहनों के चालान किए गए और उन पर हजारों रुपए का जुर्माना लगाया गया। रतिया सिटी थाना प्रभारी जय सिंह के नेतृत्व में पुलिस कर्मचारियों ने बुढलाड़ा रोड, जांच अधिकारी महेंद्र सिंह भाटिया व विनोद कुमार के नेतृत्व में फतेहाबाद रोड व अन्य स्थानों पर नाके लगाकर वाहनों की जांच की। इस दौरान ट्रिपल राइडिंग, बिना हेलमेट व अधूरे दस्तावेज वाले वाहन चालकों के चालान किए गए। थाना प्रभारी जय सिंह व महेंद्र सिंह भाटिया ने बताया कि लगभग दो दर्जन वाहनों के चालान किए गए और उन पर हजारों रुपए जुर्माना भी लगाया गया है। पुलिस के अभियान को देखते हुए कई वाहन चालक अपने वाहनों को दूसरे रास्ते से ले जाते हुए भी नजर आए।

### नगरपालिका ने चलाया पशु पकड़ो अभियान

**सिरसा।** धुंध में आवारा पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने और आवारा पशुओं को भी सर्दी से बचाने के लिए कालांवाली नगरपालिका ने विशेष अभियान चलाया। अभियान के तहत नगरपालिका प्रशासन द्वारा शहर में घूम रहे 18 आवारा पशुओं को पकड़कर श्री कृष्ण गऊशाला छोड़ा गया। नगरपालिका सचिव गिरधारी लाल ने बताया कि प्रशासन के पास आवारा पशुओं के कारण दुर्घटनाएं घटित होने की लगातार शिकायतें आ रही थी। आवारा पशुओं के कारण सर्दी के मौसम में धुंध में दिखाई ना देने के कारण सड़क हादसों का भी भय बना हुआ था। साथ में आवारा पशुओं के भी सर्दी लगने से बीमार होने की संभावना रहती है। आवारा पशुओं से होने वाले सड़क हादसों को रोकने और आवारा पशुओं को सर्दी से बचाने के लिए नपा प्रशासन ने आज विशेष अभियान चलाया है।

---

## डबवाली के सरपंचों को दी भारतीय मानक ब्यूरो संबंधी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

शहर के सामुदायिक केंद्र में डबवाली ब्लॉक के सभी सरपंचों के लिए भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा बीडीपीओ अमन मित्तल के सहयोग से उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ऑल इंडिया कं'यूमर वेल्फेयर काउंसिल के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपप्रधान गुरभेज सिंह ढिल्लों, ऑल इंडिया कंज्यूमर वेल्फेयर काउंसिल की वरिष्ठ महिला उपप्रधान संतोष राज व कंज्यूमर वेल्फेयर काउंसिल हरियाणा की राज्य प्रधान एडवोकेट सिंपल शामिल हुए। उन्होंने डबवाली ब्लॉक के सभी सरपंचों को भारतीय मानक ब्यूरो से संबंधित जानकारी विस्तार से दी और बीआईएस केयर एप डाउनलोड करवाया। इससे गांव के किसानों को कृषि क्षेत्र में भी काफी सहायता मिलेगी। उन्होंने बताया कि बीआईएस केयर एप से गुणवत्ता चिह्नों की पहचान किस प्रकार से की जा सकती है एवं किसान अपने कृषि में उपयोग होने वाले उपकरणों की जांच कैसे करें, के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके अलावा सिविल कार्यों से संबंधित जानकारी दी गई।



सिरसा। सरपंचों को भारतीय मानक ब्यूरो संबंधी जानकारी देते हुए।

---

## कांग्रेस पार्टी ने मनाया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला कांग्रेस भवन में बृहस्पतिवार को कांग्रेस पार्टी का139वां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। पार्टी के वरिष्ठ नेता लादूराम पूनिया ने पार्टी का ध्वज फहराया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की स्थापना एक अंग्रेज एओ ह्यूम ने की थी। स्थापना के बाद से कांग्रेस का एक गौरवशाली इतिहास रहा है। इस पार्टी के नेताओं ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। कांग्रेसजनों ने कहा कि स्व. जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के बाद सोनिया गांधी भी इस परम्परा की सच्ची वारिस हैं। उन्होंने उपस्थितजनों से कांग्रेस की विचारधारा के साथ जुड़ने का



सिरसा। कांग्रेस भवन में कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस मनाते कांग्रेसजन।

आह्वान करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ही देश की सच्ची हितैषी है और इस पार्टी ने देश के आम आदमी के कल्याण के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि देश को आगे ले जाने के लिए कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने शानदार काम किया है। देश के लोगों को रोजगार गारंटी योजना, सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, भोजन का अधिकार देकर उन्हें मुख्यधारा में जोड़ने का काम कांग्रेस की देन है। कांग्रेसजनों ने कहा कि कांग्रेस की सरकार जाने के बाद देश में अराजकता का माहौल बना है। लोग आज कांग्रेस के शासन को फिर से याद करने लगे हैं। कांग्रेस शासन के दौरान प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने अपनी आर्थिक नीतियों के माध्यम से देश को दुनिया में विशेष स्थान दिलाया।

इस अवसर पर पूर्व सांसद डॉ. सुशील इंदौरा, प्रदेश प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा, लादूराम पूनिया, नवीन केडिया, संदीप नेहरा, बलविंद्र नेहरा, वेदभाट, वीरभान मेहता, सहीराम सहारण, जगदीश थोरी, शंकर ठेकेदार, मलकीत सिंह रंधावा जिला पार्षद, आरसी लिम्बा, विनोद हिटलर, कर्ण चावला, गजानंद सोनी, अशोक चिंडालिया, ज्ञानी करनैल सिंह, दलीप बाजेकां, कपिल सरावगी, कमल कांटीवाल, हरविन्द्र बेगू, कर्मवीर सिंह बेगू, प्रवीण शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, ओमप्रकाश कालवा, संगीत कुमार, नवजोत गावड़ी, आराव ग्रोवर आदि मौजूद थे।

---

## सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

उपमंडलाधीश राजेश कुमार की अध्यक्षता में वीरवार को लघु सचिवालय स्थित एसडीएम कार्यालय में उपमंडल स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कल्याण विभाग को निर्देश दिए कि वे अनुसूचित जाति व जनजाति पर अत्याचार से संबंधित मामलों में पीड़ित व्यक्ति को समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। बैठक में एसडीएम ने एजेंडा के तहत रखे गए विचाराधीन 14 मामलों पर सुनवाई कर जानकारी प्राप्त की और अधिकारियों व कमेटी सदस्यों के साथ गहनता से विचार विमर्श किया।

एसडीएम ने उपमंडल स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की बैठक में एससी/एसटी एक्ट के तहत दर्ज मामलों पर भी चर्चा करते हुए निर्देश दिए कि विचाराधीन केसों के जल्द से जल्द निपटान किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस



फतेहाबाद। उपमंडल स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी कमेटी बैठक की अध्यक्षता करते एसडीएम राजेश कुमार

अधिकारी व संबंधित विभाग के अधिकारी आपसी तालमेल से अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत दर्ज मामलों पर गंभीरता से कार्यवाई करें ताकि पीड़ितों को जल्द से जल्द न्याय मिल सके एवं प्रशासनिक व्यवस्था पर भरोसा कर सके। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति-जनजाति के व्यक्ति के साथ किसी भी प्रकार का अत्याचार या दुर्व्यवहार होता है तो पीड़ित परिवार को तुरंत प्रभाव से आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। बैठक में डीएसपी जयपाल सिंह, लेखाकार कम तहसील कल्याण अधिकारी श्रवण कुमार, कमेटी के गैर सरकारी सदस्य शमशेर सिंह, रविंद्र, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

---

**पीएल जिंदल कान्वेंट स्कूल की तीनों टीमें प्रथम**

## एसपी ने किया विद्यार्थियों को सम्मानित

- सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता में ब्लॉक एवं जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता में क्लीन स्वीप करने वाली पीएल जिंदल कान्वेंट स्कूल की तीनों टीमें पहले ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करते हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भी अव्वल रही व मंडल स्तर पर तीनों लेवल में पीएलजिंदल स्कूल के बच्चों ने प्रथम स्थान हासिल किया। जिला स्तर पर दबदबा बनाने के बाद मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में भी इन तीनों टीमों ने अन्य जिलों से आई टीमों को पछाड़ते हुए अपना वह स्थान कायम रखा व फिर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए श्रेयांश, एशमीत, पुष्कर ने प्रथम स्थान अर्जित किया।



रतिया। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी।

**छात्रों को प्रशंसा पत्र दिया**

दूसरे लेवल में अभिजीत, मयंक, अर्शप्रीत ने भी प्रथम स्थान अर्जित किया व तीसरे लेवल में स्नेहा रानी, हरमन सिंह व रीशिका ने भी प्रथम स्थान ही अर्जित किया। छात्रों द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर उन्हें एसपी आस्था मोदी द्वारा सम्मानित करने के लिए अपने कार्यालय आमंत्रित किया गया। इन विजेता विद्यार्थियों को एसपी आस्था मोदी ने फतेहाबाद पुलिस विभाग की तरफ से प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया और स्कूल की प्रबंधकीय समिति के सदस्य तरसेम जिंदल व मोहन जैन व बच्चों को इस ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी।

## खबर संक्षेप

### वॉलीबॉल टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर जीता रजत

**सिरसा।** भुवनेश्वर उड़ीसा में 23 से 26 दिसंबर तक 67वीं राष्ट्रीय स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा की अंडर-14 आयु वर्ग वालीबॉल लड़कों की टीम ने दूसरा स्थान हासिल कर रजत पदक प्राप्त किया है। रजत पदक विजेता टीम में अमनदीप, सागर व चिराग शाह सतनाम जी बॉयज स्कूल के खिलाड़ी है।

### विनय कुमार भाजपा के जिला आईटी सह प्रमुख नियुक्त

**हिसार।** भाजपा जिला आईटी प्रमुख रविंद्र रॉकी ने अपनी टीम का विस्तार करते हुए विनय कुमार को आईटी सह प्रमुख नियुक्त किया है। जिलाध्यक्ष कैप्टन भूपेंद्र एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं से विचार-विमर्श उपरांत रविन्द्र रॉकी ने युवा नेता विनय कुमार की नियुक्ति की घोषणा करते हुए कहा है कि वे पार्टी की नीतियों व कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे।

### महिला आक्रोश सम्मेलन होगा ऐतिहासिक : रमेश

**हिसार।** इनेलो के जिला प्रवक्ता रमेश चुघ ने दावा किया कि पार्टी का 31 दिसंबर को जींद जिला के उचाना की नई अनाज मंडी में होने वाला महिला आक्रोश सम्मेलन ऐतिहासिक होगा। सम्मेलन की अध्यक्षता इनेलो महिला प्रकोष्ठ की प्रधान महासचिव सुनैना चौटाला करेंगी और इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला इस सम्मेलन में मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत करेंगे।

### राहुल की भारत न्याय यात्रा ऐतिहासिक होगी

**हिसार।** मणिपुर से 14 जनवरी को शुरू होने वाली भारत न्याय यात्रा को लेकर हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट में उत्साह का माहौल है। हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की भांति कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की भारत न्याय यात्रा भी ऐतिहासिक होगी। यह यात्रा मणिपुर से 14 को शुरू होकर 20 मार्च को मुंबई में खत्म होगी।

### गांव कुतुबपुर में चलाया जागरूकता अभियान

**हिसार।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आमजन को जागरूक करने के लिए गांव कुतुबपुर हांसी में जागरूकता अभियान चलाया गया।

नशा मुक्त भारत अभियान के मास्टर वालंटियर राहुल शर्मा ने बताया कि जागरूकता अभियान की कड़ी में ग्रामीण लोगों को जागरूक किया गया।

### निगरानी समिति की बैठक आयोजित

**हिसार।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बृहस्पतिवार को वर्चुअल माध्यम से जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) बैठक में अधिकारियों के साथ जिले से जुड़ी विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त उत्तम सिंह ने जिले में जनहित के कल्याणार्थ चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं शिक्षा, पर्यावरण, रोजगार, प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल मनरेगा, सांसद आदर्श ग्राम योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना आदि के बारे में जानकारी दी।

---

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव कानीखेड़ी में कार्यक्रम

# हर परिवार व नागरिक सरकार की योजनाओं का उठा रहे लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

प्रमुख समाजसेवी विनोद बबली ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भूना खंड के गांव कानीखेड़ी में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई विभिन्न विभागों की स्टॉलों का अवलोकन किया। यह यात्रा समाज के सभी वर्गों विशेषकर वंचित वर्गों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की एक अनूठी पहल है। आज देश का हर परिवार व नागरिक इन योजनाओं का लाभ उठा रहा है। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित लोगों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाई और विभिन्न योजनाओं से जुड़े लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान प्रगतिशील किसानों, पशुपालकों, विद्यार्थियों व नागरिकों को सम्मानित किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत फतेहाबाद खंड के गांव काताखेड़ी में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए समाजसेवी एवं वरिष्ठ नेता जगदीश शर्मा ने कहा कि पीएम मोदी व सीएम मनोहर लाल ने अंत्योदय व गरीब कल्याण और उत्थान से संबंधित योजनाएं चलाकर अंत्योदय के सपने करने के साथ-साथ गरीबों को समाज की मुख्यधारा में लाने का काम किया है।



भूना। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव कानीखेड़ी में कार्यक्रम को संबोधित करते प्रमुख समाजसेवी विनोद बबली।

## मोदी की गारंटी वाली गाड़ी लोगों की उम्मीदे कर रही पूरी: नापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

वीरवार को बुर्ज व ढाणी जाखनदादी गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विधायक लक्ष्मण नापा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम में शिरकत की। सभी ने हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ ली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक लक्ष्मण नापा ने कहा कि यह विकसित यात्रा प्रधानमंत्री ने 15 नवंबर को झारखंड से शुरू की थी, जो आज लोगों के घर द्वार पर ही पहुंचकर सरकार की योजनाओं की जानकारी व



रतिया। लोगों की शिकायतें सुनते विधायक लक्ष्मण नापा।

लाभ दे रही है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों के द्वारा कार्यक्रम के दौरान लगाये गये स्टॉल में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, पेंशन योजना, स्वास्थ्य विभाग की योजनाएं, आयुष्मान भारत योजना, कृषि विभाग से संबंधित योजना के तहत लाभ व जानकारी दी जा रही है। ढाणी जाखनदादी में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में पंचायत समिति चेयरमैन केवल कृष्ण मेहता ने शिरकत कर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी स्टालों का निरीक्षण किया। विधायक व चेयरमैन ने कहा कि भाजपा सरकार ने पर्ची और खर्ची की प्रथा को खत्म करने का काम किया है। मौके पर जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा, सरपंच एसोसिएशन प्रधान अरविंद सिहाग, नपा वाइस चेयरमैन जोगिंद्र नंदा, रणजीत सिंह पहलवान, सरपंच नाजम सिंह आदि मौजूद थे।

### भूना, भट्टूकलां, जाखल व टोहानी का शेड्यूल

**फतेहाबाद।** अतिरिक्त उपायुक्त एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा के नोडल अधिकारी डॉ. ब्रह्मजीत सिंह रांगी ने बताया कि खंड भूना में 28 दिसंबर को गांव कानीखेड़ी व भूथन खुर्द, 29 दिसंबर को गांव खासा पठाना व ढाणी गोपाल, 30 दिसंबर को गांव बैजलपुर व दहमन, 1 जनवरी को गांव नहला व सिंथला, 2 जनवरी को गांव मोचीवाली व चौबारा तथा 3 जनवरी को गांव गोरखपुर तथा खंड भट्टू कलां में 1 जनवरी को गांव ठुईयां व कुकड़ावाली, 2 जनवरी को गांव ढाबी कलां व खुर्द, 3 जनवरी को गांव रामसरा व ढाणी चाननराम, 4 जनवरी को गांव बनमंदोरी व पीलीमंदोरी, 5 जनवरी को गांव जांडवाला बागड़ व दैयड़ तथा 6 जनवरी को गांव शेखुपुर दड़ौली व खाबड़ा कलां में विकसित भारत संकल्प यात्रा - जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगें। एडीसी डॉ. रांगी ने बताया कि इसी प्रकार से खंड जाखल में 30 दिसंबर को गांव गुल्लरवाला व कानाखेड़ा, 1 जनवरी को गांव तलवाड़ी, जाखल गांव, साधनवास व तलवाड़ा, 2 जनवरी को गांव सिधानी, चांदपुरा, मुंदलिया व लहराथेह, 3 जनवरी को गांव शक्करपुरा, रूपांवाली, मुसाखेड़ा व करंडी, 4 जनवरी को रत्ताथेह, दिवाना, ढेर व नथूवाल, 5 जनवरी को गांव नडैल, उदयपुर, चुहड़पुर व कुदनी तथा 6 जनवरी को गांव म्योंद कलां व खुर्द तथा खंड टोहाना में 30 दिसंबर को गांव सलेमपुरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा - जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगें।

## योजनाओं के लाभ की गारंटी: बलकौर सिंह



सिरसा। शिविर में योजनाओं की जानकारी लेते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

- गांव नारायण खेड़ा, नेजियाखेड़ा, मंगालिया, फतेहपुरिया, फग्गु, कमाल, चकजालु व रामपुरा बिश्नोइया में पहुंची यात्रा

जिला के गांव नारायण खेड़ा, नेजियाखेड़ा, मंगालिया, फतेहपुरिया, फग्गु, कमाल, चकजालु व रामपुरा बिश्नोइयां में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें जरूरतमंद एवं पात्र लोगों को केन्द्र व रा'य सरकार की योजनाओं का लाभ उपलब्ध करवया गया। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में लोग सरकारी सेवाओं का लाभ लेने के लिए पहुंचे। गांव नारायण खेड़ा व नेजियाखेड़ा में मक्खन सिंह ख्योवाली, गांव मंगालिया व फतेहपुरिया में पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर, फग्गु व कमाल में पूर्व विधायक बलकौर सिंह, चकजालु व रामपुरा बिश्नोइयां में अनिरुद्ध देवीलाल ने यात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रमों में ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प शपथ दिलाई गई। पूर्व विधायक बलकौर सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा असल में जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ देने की गांरटी है। उन्होंने आयोजित कार्यक्रम में कहा कि भारत व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के नागरिकों तक पहुंचाने और उसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई जा रही है।

**यह रहे मौजूद**

इस अवसर पर पूर्व विधायक रामचंद्र कंबोज, निर्मल सिंह बसरा, वरिष्ठ भाजपा नेता भूपेश मेहता, सुनील बामणिया, महेंद्र सिंह धिंगतानियां, ललित छिंपा, सरपंच सत्य प्रकाश, पंचायत अधिकारी हरीश कुमार, सरपंच मंगालिया सुनील कुमार, सुंदर लाल, पूर्ण चंद सेन, कुलवंत सिंह सुथार, पूर्व सरपंच गुलजारी लाल ढाका, सरपंच फग्गु रविंद्र पाल, जिला पार्षद सतगुरु सिंह, पूर्व सरपंच बलजीत सिंह, नंबरदार छिंदर, सरपंच कमाल जगजीत सिंह, दर्शन सिंह, सतनाम सिंह, तरसेम सिंह, महावीर गोदारा, कृष्ण चौहान भी मौजूद रहे।

# पीएम विश्वकर्मा योजना कारीगरों के हुनर को दिलाएगी नई पहचान

- आर्थिक स्थिति सुदृढ करने में करेगी मदद : उपायुक्त पार्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि शिल्पकार व कारीगर समाज के नवनिर्माण में बहुमूल्य सहयोग देते हैं। शिल्पकारों व कारीगरों के हुनर को सम्मान देते हुए केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की गई है जिससे शिल्पकारों व कारीगरों के हुनर को नई पहचान मिलेगी।

**पारंपरिक व्यवसायों को शामिल**

उपायुक्त ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना का मुख्य फोकस कारीगरों और शिल्पकारों के उत्पादों और सेवाओं की पहुंच के साथ-साथ गुणवत्ता में सुधार करना और यह सुनिश्चित करना है कि वे घरेलू और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के साथ एकीकृत हों। यह योजना पूरे में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता प्रदान करेगी, योजना के तहत विभिन्न प्रकार के पारंपरिक व्यवसायों को शामिल किया गया है। पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत सरकार की ओर से विश्वकर्मा भाइयों-बहनों को 3 लाख रुपए तक बिना गारंटी ण, 15 हजार रुपए के टूलकिट, स्किल अपग्रेडेशन के लिए स्किल ट्रेनिंग के साथ 500 रुपये प्रतिदिन स्टाइपेंड, तैयार उत्पादों के लिए क्वालिटी सर्टिफिकेशन, ब्रांडिंग और विज्ञापन जैसी मार्केटिंग सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस योजना में बढ़ई, अस्त्रकार, लोहार, हथौड़ और टूलकिट निर्माता, ताला बनाने वाला, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, पत्थर तराशने वाला, पत्थर तोड़ने वाला जैसे कई कौशल कारीगर शामिल हैं। इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रार्थी की आयु 18 वर्ष या इससे अधिक हो और उसने पिछले 5 वषोंर् में केंद्र सरकार अथवा रा'य सरकार की किसी भी स्वरोजगार की योजना में ण ना लिया हो।

### प्रशिक्षण के बाद ही मिलेगा बीज और खाद

**सिरसा।** हरियाणा एग्रीकल्चर मैनेजमेंट एक्सटेंशन ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (हमेटी), जींद व मैनेज, हैदराबाद द्वारा 10वीं पास युवाओं को जिला स्तर पर सर्टिफिकेट कोर्स (उचित संख्या में अभ्यर्थी होने पर) करवाया जा रहा है, जिसके उपरांत 10वीं पास युवा भी डिप्लोमा करने के बाद बीज, खाद व कीटनाशक बेचने संबंधित लाइसेंस प्राप्त कर सकेंगे। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ सुखदेव सिंह ने बताया कि 48 सप्ताह (केवल 48 रविवार) का प्रशिक्षण करने के बाद उन्हें डिप्लोमा प्रदान किया जाएगा जिससे वह कृषि विभाग से वैध लाइसेंस प्राप्त करके खाद, बीज व कीटनाशक का बिजनेस चला कर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पुराने कीटनाशक लाइसेंस के लिए आवश्यक न्यूनतम योग्यता प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2023 हैं। जिन कीटनाशक विक्रेताओं ने डिप्लोमा / कोर्स नहीं किया है।

# सिटी वेलफेयर क्लब ने लिखा प्रधानमंत्री मोदी को पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

सिटी वेलफेयर क्लब ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर किसानें को नरमा-कपास का हाइब्रिड बीज देने की मांग की है। क्लब के प्रधान विनोद अरोड़ा ने कहा कि क्लब द्वारा फतेहाबाद जिले के 100 गांवो में सर्वे किया गया और पाया कि पिछले कई सालों से यहां नरमा व कपास का रकबा कम हुआ है और धान की ओर किसानों का रुझान अधिक हुआ है जबकि सरकार खुद चाहती है कि लोग पानी की उपयोगिता को समझते हुए धान को न लगाकर अन्य फसलों को लगाएं।

**हाईब्रिड बीज देने की रखी मांग**

किसानो की मजबूरी है कि यहां नरमा-कपास में कई सालों से सुंडी, उखाडे व अन्य बिमारीयो का प्रकोप है, जिस वजह से नरमा कपास यहां नहीं हो रही है और किसानो की हालत माली हो चुकी है। जिन एरिया में सिर्फ नरमा बीजा जाता है वहां के किसानों की जमीनों के ठेके के रेट भी धान की जमीनों के ठेके रेट से आधे हैं। संस्था ने मांग रखी है कि गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना की तरह हरियाणा के किसानों को भी कॉटन का अच्छी गुणवत्ता का हाईब्रिड बीज उपलब्ध करवाया जाए। अभी तक यहां किसान 2जी बीज लगा रहे हैं जिसकी पैदावार नहीं है। सरकार से मांग की है कि किसान हित में इस ओर ध्यान दिया जाए। इसके साथ-साथ संस्था अध्यक्ष विनोद अरोड़ा ने सरकार से मांग की है कि उनका जिला फतेहाबाद विटामिन सी की खेती पर आधारित है यहां अमरुद, किन्नू, नींबू व जड़ी बूटियों में आंवला, अश्वगंधा आदि की पैदावार अधिक है, इसलिए सरकार यहां हर्बल या फिर फूड प्रोसेसिंग प्लांट लगाए, जिससे किसान इस ओर आकर्षित हो और सरकार का किसान की आमदनी दोगुनी करने का सपना भी साकार हो। इस अवसर पर संस्था महासचिव सुरेंद्र गाबा, विकास गोयल, रामनिवास, ढेवेन्द्र मोंगा, ललित चौधरी, नवीन ललित सहित सैकड़ों की संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## संपत्ति कर पर ब्याज माफी को लेकर विशेष कैम्प की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

नगर पार्षद मोहन लाल नारंग ने नगरपरिषद अध्यक्ष व जिला नगर आयुक्त को पत्र लिखकर 31 दिसंबर 2023 तक संपत्ति कर पर ब्याज माफी व संपति डाटा को करदाताओं द्वारा स्व प्रमाणित हेतु विशेष कैंप का आयोजन व सहायता केंद्र स्थापित करने की मांग की है। पत्र में वार्ड नं. 12 के पार्षद मोहन लाल नारंग ने कहा है कि संपत्ति कर पर ब्याज माफी की छूट 31 दिसंबर 2023 तक है, वहीं वित वर्ष 2023-24 के संपत्ति कर पर 15 प्रतिशत की छूट भी करदाताओं को प्रदान की जानी है। करदाता को इन दोनों प्रकार की छूटों का लाभ तब प्रदान होगा जब वह प्रॉपर्टी डाटा की संतुष्टि हेतु स्वप्रमाणित करेगा। सूचनाओं के अभाव में संपत्ति करदाताओं का एक बहुत बड़ा हिस्सा उक्त योजना का लाभ नहीं उठा पा रहा। उन्होंने मांग की है कि विभिन्न सूचना तंत्रों के माध्यम से करदाताओं को उक्त योजना बारे अवगत करवाया जाए तथा जन सुविधा के लिए नगर परिषद फतेहाबाद में तीन दिन का अर्थात 29 दिसंबर से 31 दिसंबर तक विशेष विशेष कैंप का आयोजन किया जाए। इसके अतिरिक्त जन सुविधा के लिए स्थाई रूप से सहायता केंद्र हेल्प डेस्क स्थापित किया जाए।

### पंजाबी भाईचारे और सिख भाईचारे के साथ भेदभाव कर रही प्रदेश सरकार: माखा

**कालांवाली।** प्रदेश सरकार पिछले 10 सालों से अधिक समय से पंजाबी भाईचारे और सिख भाईचारे के साथ भेदभाव कर रही है। पंजाबी एरिया के गांवों में फसलों की सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं उपलब्ध करवा रही और ना ही पंजाबी भाषा को स्कूलों व सरकारी कार्यालयों में प्रमुखता से लागू कर रही है। यह बात हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य परमजीत सिंह माखा ने मार्केट कमेटी कालांवाली में बृहस्पतिवार को पत्रकारों से बात करते हुए कही।

इस मौके पर गुरुद्वारा दुःख निवारण साहिब गांव कालांवाली के प्रधान हरंबस सिंह, पूर्व पंचायत मैंबर गुरदीप सिंह किंगरा भी मौजूद रहे। माखा ने बताया कि पंजाबी भाषा को प्रदेश के सभी स्कूलों और सरकारी कार्यालयों में प्रमुखता से लागू किया जाए और पंजाबी आप्रेटरों की भर्ती की जाए। सिख समाज के गत्तका को नेशनल गेमस में शामिल किया जाए और गत्तका सिखाने के लिए गांव स्तर पर ट्रेनर लगाए जाए। मनरेगा मजदूरों को किसानी के साथ जोड़ा जाए। किसानों को प्राइवेट बैंकों में कम ब्यॉज दर पर लोन दिया जाए। सिख समाज से संबंधित गांवों के लिए घग्गर नहर से लहंगेवाला से डबवाली तक नहर निकालकर लगभग 70 गांवों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध करवाया जाए। उन्होंने बताया कि पंजाबियों व सिख समाज के मुद्दों को लेकर करीब 70 गांवों के लोग गुरुद्वारा दुःख निवारण साहिब गांव कालांवाली में एकत्रित होंगे।

### मीट की दुकानों को शहर से बाहर स्थानांतरित करने के निर्देश

**फतेहाबाद।** शहर में चल रही मीट की दुकानों को नगर परिषद प्रधान राजेंद्र सिंह खिंची ने बाहर स्थानांतरित करने के ईओ कार्यालय को निर्देश जारी किए है। प्रधान ने सख्ती बरते हुए कहा है कि दुकानदारों को नोटिस जारी करके दुकानें शहर से बाहर स्थानांतरित की जाएं। नगर परिषद प्रधान राजेंद्र सिंह खिंची का कहना है कि मीट की दुकानों को शहर से बाहर स्थानांतरित करने को लेकर कई संस्थाओं के पदाधिकारी उनसे मिल चुके है और मांग रखी है।

मीट की दुकानों के कारण आमजन को परेशानी हो रही है और गुजरना भी मुश्किल होता है। नगर परिषद प्रधान द्वारा ईओ कार्यालय को जारी किए पत्र में कहा गया है कि फतेहाबाद शहर में मीट की दुकानें होने से आमजन को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है और लोगों को आना-जाना मुश्किल हो रहा है। शहर फतेहाबाद में मीट की दुकानें करने वाले दुकानदारों को नोटिस जारी करके शहर से तुरंत प्रभाव से शिफ्ट करने के आदेश दिए जाएं। अगर कोई आदेशों की पालना नहीं करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## जेजेपी सामाजिक दायित्वों का निवर्हन करने वाला प्रमुख दल



सिरसा। दिग्विजय चौटाला पदाधिकारियों से बात करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

- सिरसा में 3 जनवरी से होने वाली ग्रामीण कोस्को क्रिकेट प्रतियोगिता के सिलसिले में चर्चा की

जननायक जनता पार्टी के प्रदेश के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि जेजेपी केवल राजनीतिक ही न नहीं बल्कि सामाजिक दायित्वों को निभाने वाला परिवार भी है और उसी कड़ी में अब युवाओं को खेल क्षेत्र में बड़ा मंच प्रदान किया जा रहा है। दिग्विजय वीरवार को चौटाला हाउस में पार्टी पदाधिकारियों के साथ सिरसा जिले में 3 जनवरी से आयोजित होने वाली ग्रामीण कोस्को क्रिकेट प्रतियोगिता के सिलसिले में चर्चा कर रहे थे। बैठक के सिलसिले में जेजेपी के जिला प्रेस प्रवक्ता अमर सिंह 'याणी व युवा प्रेस प्रवक्ता नितिन टांडी ने संयुक्त रूप से बताया कि क्रिकेट प्रतियोगिता के सिलसिले में कहा कि ये क्रिकेट प्रतियोगिता ग्रामीण आंचल में रहने वाले युवाओं को आगे बढ़ना का मंच देगी। इस प्रतियोगिता में सबसे आकर्षण इसी बात का है कि ग्रामीण आंचल के युवाओं के लिए प्रतियोगिता में सबसे बड़े कैश प्राइज रखे गए हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में ऐतिहासिकता इसी बात में है कि प्रतियोगिता में बिना एंट्री फीस से युवाओं को मौका मिला है। दिग्विजय ने कहा कि मौसम की परिस्थितियों ने यदि कुछ करवट ली तो उसके लिए फाइनल मुकाबले के लिए 13 या 14 जनवरी का दिन सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के समापन पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग भी शामिल होंगे।

अपेक्स कान्वेंट स्कूल के वार्षिक उत्सव रिसिलिएंस इग्निटिंग हॉप्स का आयोजन

# विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से किया सबको मंत्रमुग्ध



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

सतीश कॉलोनी स्थित अपेक्स कान्वेंट स्कूल में वार्षिक उत्सव रिसिलिएंस इग्निटिंग हॉप्स का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधक कमेटी के सतीश चराईपौत्रा, चंद्र चराईपोत्रा, अमित मक्कड़, रीत मक्कड़, अंशुल मेहता, स्पर्श मेहता तथा प्राचार्य उमंग कक्कड़ ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में अपेक्स पब्लिक स्कूल की प्राचार्या एकता सचदेवा और उपप्राचार्या डॉ. रिचा गाबा बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। इसके अलावा अभिभावक व शहर के कई गणमान्य लोगों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने मूल कथ्य बचपन पर आधारित कार्यक्रम के द्वारा प्रस्तुतियों के माध्यम से बचपन की विभिन्न स्मृतियों को साझा करते हुए प्रेरणास्त्रोत महान व्यक्तियों के जीवन पर आधारित प्रस्तुति दी। शुभारंभ के बाद कार्यक्रम को गणेश वंदना के साथ आगे बढ़ाया गया। विद्यार्थियों ने दादी अम्मा दादी अम्मा मन जाओ, हर घड़ी बदल रही है आदि गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर लोगों की तालियां बटोरने का काम किया।




फतेहाबाद। अपेक्स कान्वेंट स्कूल के वार्षिक उत्सव में प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

**यह दीं प्रस्तुतियां**

कार्यक्रम में कक्षा 10वीं के शिक्षार्थियों द्वारा गिव मी सम सनशाइन सॉन्ग प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा एपीजे अब्दुल कलाम, दंगल, सुधा चंद्रन, झांसी की रानी शीर्षक पर आधारित प्रेरणादायक अंशों को नाटिका के द्वारा दर्शाया गया। नृत्य से दर्शाया गया कि मिसाइल मैन के नाम से पहचान बनाने वाले डॉ. अब्दुल कलाम के जीवन में परिश्रम, ईमानदारी और संयम आदि गुण सम्माहित थे। दंगल मूवी पर एक्ट के माध्यम से दर्शाया गया कि आपको मेहनत करते रहना चाहिए, यह सोचे बगैर कि समाज क्या कहता है। आपकी मेहनत सच्ची होगी तो वही समाज आपके लिए एक दिन फिल्म बनाएगा। सुधा चंद्रन एक्ट के माध्यम से सीख दी गई कि दुर्घटना के बाद मंच पर सुधा की वापसी प्रेरणा का एक नृत्य था जिसने दर्शकों के दिलों को छू लिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9653530207, 9253681005